(b) The estimates of the per hectare productivity of foodgrains in the country during the last three years are given below:

Year	(Kgs per hectare) Productivity
1985-86 . . .	1175
1986-87 . . .	1128
1987-88 . . .	1166

Constitutional Amendment for giving More Powers to Panchayats and Cooperatives

378. SHRI P. N. SUKUL: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether the working of the Panchayati Raj System in the country has been reviewed;

(b) if so, results, of that review;

(c) whether Government propose to amend the Constitution to give more powers to the Panchayats and Cooperatives at the grass root level;

(d) if so, by when the required legislation is likely to be brought forward;

(e) whether the said proposal has been discussed with the State Governments; and

(f) if so, what is the reaction of State Governments thereto and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI JANARDHAN POOJARI): (a) to (d) The subject of revitalisation of the Panchayati Raj system is under active consideration of the Government. No specific time-limit for completing the action can be indicated.

(e) and (f) Do not arise.

किसान घाट का विकास

379. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **शहरी विकास** मंत्री 29 जुलाई, 1988 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 390 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) "किसान घाट" जहां पर भूतपूर्व प्रधान मंत्री चौधरी चरण सिंह का अन्तिम संस्कार किया गया था, की भूमि का कुल क्षेत्रफल कितना है; और

(ख) इस स्थल का विकास करने के लिए अभी तक कोई कार्यवाही न किए जाने के क्या कारण है और इस संबंध में क्या-क्या कठिनाइयां पेश आ रही हैं;

शहरी विकास मंत्रालय राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) . (क) और (ख) : जहां स्वर्गीय श्री चरण सिंह का अन्तिम संस्कार किया गया था, उस स्थान पर समाधि का विकास करने के सम्बन्ध में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है । जिस चबूतरे पर स्वर्गीय चरण सिंह का अन्तिम संस्कार किया गया था, उसका घेरा पूर्व की ओर दो सीढ़ियों सहित, एक 1.83 मीटर×1.93 मीटर माप का चबूतरा और चबूतरे के पश्चिम की ओर 1.83 मीटर×1.83 मीटर माप के चबूतरे सहित 7.32 मीटर×7.32 मीटर है ।

मंडल आयोग की सिफारिशों का कार्यान्वयन

380. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछड़े वर्गों के लिए नियुक्त मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करने का मामला किस चरण में है ;

(ख) इस संबंध में अब तक की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या अब तक किसी एक भी सिफारिश को लागू किया गया है ?